तापमान

अधिकतम 29.0 डिग्री

न्यूनतम 19.0 डिग्री

हरिभूमि

कांकेर भूमि

रायपुर, सोमवार 26 अक्टूबर 2026

10 कोंडागांव में 309 पारंपरिक वैद्यों का सम्मान ...



12 कोड़ेजुंगा पंचायत के तालाब, मुक्तिधाम ...



खबर संक्षेप



सर्वजनिक शराबखोरी युवक पुलिस गिरफ्त में

कांकेर। चारामा पुलिस ने ग्राम पुराना नाकापारा स्थित सद्भावना भवन के पास सार्वजनिक स्थान पर शराब सेवन करते 24 वर्षीय तुसार राजपूत, निवासी बाजारपारा चारामा को पकड़ा। मौके से शराब का खाली पौवा, प्लास्टिक गिलास और पानी पाउच जब्त किए गए। सीएचसी चारामा में चिकित्सकीय मुलाहिजा कराने पर शराब सेवन की पुष्टि हुई। पुलिस ने आबकारी एक्ट की धारा 36 (च) के तहत अपराध दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।

जहर खाकर जान दी, कारण अज्ञात

कांकेर। चौकी कच्चे अंतर्गत कच्चे निवासी 25 वर्षीय मंगेश नेताम पिता स्व. शेरसिंह ने जहर खा लिया, जिसके कारण उसकी मौत हो गई। मृतक के परिजन ने पुलिस को बताया कि मृतक का मानसिक स्थिति ठीक नही था। अज्ञात कारणों के चलते जहर खा लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

घायल युवक ने तोड़ा दम, मर्ग कायम

कांकेर। थाना कांकेर अंतर्गत जिला अस्पताल में इलाज के लिए लाए सरोना थानांतर्गत ग्राम डवरखार निवासी 18 वर्षीय टोमन कोर्राम पिता पुरन कोर्राम का 24 अक्टूबर को मौत हो गया। अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया गया कि मृतक को सड़क दुर्घटना में गंभीर चोट आई थी। इलाज के लिए अस्पताल लाया गया था। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

मिशन रक्षक प्रशिक्षण के लिए निकला युवक लापता

कांकेर। थाना सरोना क्षेत्र के ग्राम करप निवासी 21 वर्षीय हेमेन्द्र कुमार पटेल लापता हो गया है। उसके पिता कौशल पटेल के अनुसार, हेमेन्द्र 24 अक्टूबर की सुबह साड़े 5 बजे मिशन रक्षक प्रशिक्षण के लिए सरोना मैदान जाने की बात कहकर मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 19 बीपी 1126 से निकला था। शाम तक घर नहीं लौटने पर परिजनों ने तलाश की, लेकिन उसका पता नहीं चला। पुलिस ने अपहरण की आशंका पर धारा 140 (3) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर जांच शुरू की है।

पीएम-किसान उत्सव दिवस 30 को मनाएंगे

कांकेर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 30 अक्टूबर को बनासकांठा गुजरात से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि पीएम-किसान योजना की 24 वीं किस्त पात्र हितग्राहियों को जारी की जाएगी। इस अवसर पर देशभर में पीएम-किसान उत्सव दिवस मनाया जाएगा तथा राज्य, जिला, ब्लॉक एवं ग्राम स्तर पर कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

भाजपा के संगठनात्मक मजबूती के लिए कार्यकर्ताओं से तालमेल को प्रभावी बनाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

प्रदेश संगठन मंत्री कर्मवीर से अंतागढ़ विधायक विक्रम ने की भेंट-वार्ता

प्रदेश और क्षेत्र के विकास से जुड़े मुद्दों को संगठन के समक्ष रखने तथा संगठनात्मक गतिविधियों को लेकर संवाद स्थापित करने के उद्देश्य से अंतागढ़ विधायक विक्रम उसेंडी ने भाजपा के प्रदेश कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में प्रदेश संगठन मंत्री कर्मवीर सिंह से सौजन्य मुलाकात की। इस दौरान प्रदेश की वर्तमान परिस्थितियों, क्षेत्रीय समस्याओं, आम जनता की आवश्यकताओं और संगठनात्मक गतिविधियों सहित विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई। मुलाकात में जनहित से जुड़े मुद्दों और संगठन के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करने पर विशेष रूप से विचार-विमर्श किया गया।

■ संगठनात्मक गतिविधियों और क्षेत्रीय विकास से जुड़े मुद्दों पर हुआ विचार-विमर्श

विधायक विक्रम उसेंडी ने मुलाकात के दौरान प्रदेश एवं अंतागढ़ विधानसभा क्षेत्र से जुड़े विभिन्न विषयों पर अपनी बात रखी। उन्होंने क्षेत्र की आवश्यकताओं, आम नागरिकों की अपेक्षाओं और विकास से संबंधित मुद्दों पर चर्चा करते हुए इन विषयों को प्राथमिकता के साथ आगे बढ़ाने की आवश्यकता पर विचार साझा किए। क्षेत्र में संचालित गतिविधियों और जनता से जुड़े विषयों के निराकरण के लिए संगठनात्मक स्तर पर संवाद एवं समन्वय को महत्वपूर्ण माना गया।

समन्वित प्रयास पर जोर

बैठक के दौरान संगठन को मजबूत बनाने, कार्यकर्ताओं के बीच बेहतर तालमेल स्थापित करने तथा संगठनात्मक गतिविधियों को प्रभावी ढंग से संचालित करने जैसे विषयों पर भी चर्चा हुई। इसके साथ ही शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ आम नागरिकों तक पहुंचाने और जनता से जुड़े मुद्दों को उचित मंच पर रखने की दिशा में समन्वित प्रयासों के महत्व पर विचार-विमर्श किया गया।



विचारों का होता है आदान-प्रदान

प्रदेश संगठन मंत्री कर्मवीर सिंह के साथ विधायक विक्रम उसेंडी की यह मुलाकात जनप्रतिनिधियों और संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारियों के बीच संवाद की दृष्टि से महत्वपूर्ण रही। इस तरह की सौजन्य मुलाकातों के माध्यम से क्षेत्रीय स्तर पर सामने आने वाली समस्याओं, संगठन की गतिविधियों और आगामी कार्ययोजनाओं से जुड़े विषयों पर विचारों का आदान-प्रदान होता है। इससे क्षेत्र की आवश्यकताओं को संगठन के समक्ष रखने तथा कार्यकर्ताओं के साथ बेहतर समन्वय बनाने में मदद मिल सकती है।

जुर्माना बढ़ने के बाद भी नहीं थमा अवैध परिवहन, समझाइश के बाद विभाग ने शुरू की कार्रवाई

रेत के अवैध परिवहन पर खनिज विभाग सख्त, हाइवा समेत 7 ट्रैक्टरों पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

जिले में रेत के अवैध परिवहन को लेकर लगातार मिल रही शिकायतों के बाद खनिज विभाग ने सख्ती शुरू कर दी है। अक्टूबर माह में विभागीय टीम ने अलग-अलग क्षेत्रों में कार्रवाई करते हुए एक हाइवा और सात ट्रैक्टरों सहित कुल आठ वाहनों के विरुद्ध कार्रवाई की है। यह मामले चारामा, नर्रा और पंडरीपानी क्षेत्र से जुड़े हैं। विभाग का कहना है कि जुर्माने की राशि बढ़ने और वाहन चालकों को लगातार समझाइश देने के बावजूद अवैध परिवहन की शिकायतें सामने आ रही थीं। इसे देखते हुए नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के विरुद्ध कार्रवाई की जा रही है। जिले के विभिन्न क्षेत्रों से रेत के अवैध परिवहन की शिकायतें मिलने के बाद खनिज विभाग ने जांच और निगरानी बढ़ाई है। अधिकारियों के अनुसार, ट्रैक्टरों के माध्यम से रेत परिवहन के मामलों में पहले वाहन चालकों को नियमों का पालन करने की समझाइश दी जाती रही है। इसके बावजूद शिकायतें मिलने पर विभाग ने नियमानुसार कार्रवाई शुरू की है। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि अवैध परिवहन पर रोक लगाने के लिए केवल समझाइश देना पर्याप्त नहीं है। शिकायतों के आधार पर जांच करना और नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर संबंधित वाहनों के विरुद्ध कार्रवाई करना भी जरूरी है। इसी क्रम में अक्टूबर माह के दौरान अलग-अलग तिथियों में आठ वाहनों पर कार्रवाई की गई।

■ पंडरीपानी क्षेत्र में पकड़ाए टैक्टर



अवैध उत्खनन और परिवहन पर रहेगी नजर

जिला खनिज अधिकारी सनत कुमार साहू ने बताया कि जिले में अवैध उत्खनन और रेत परिवहन की गतिविधियों पर लगातार नजर रखी जा रही है। अलग-अलग क्षेत्रों से शिकायत मिलने पर संबंधित स्थानों पर जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाती है। उन्होंने स्पष्ट किया कि खनिज नियमों का पालन सुनिश्चित करना और अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाना विभाग की प्राथमिकता है। इसके लिए निगरानी और जांच की प्रक्रिया जारी रहेगी।

इन वाहनों पर हुई कार्रवाई

खनिज विभाग से मिली जानकारी के अनुसार 7 अक्टूबर को चारामा क्षेत्र में हाइवा क्रमांक सीजी 07 डीबी 5558 के विरुद्ध कार्रवाई की गई। इसके बाद 13 अक्टूबर को नर्रा क्षेत्र में तीन ट्रैक्टरों पर कार्रवाई हुई। इनमें वाहन क्रमांक सीजी 19 बीडब्ल्यू 2489, सीजी 19 बीडब्ल्यू 1708 और सीजी 19 बीयू 4967 शामिल हैं। 15 अक्टूबर को पंडरीपानी क्षेत्र में ट्रैक्टर क्रमांक सीजी 10 बीडब्ल्यू 6228 के विरुद्ध कार्रवाई की गई। इसके अतिरिक्त 21 अक्टूबर को ट्रैक्टर क्रमांक सीजी 19 बीएस 3957 और सीजी 19 केक्यू 1342 पर भी विभागीय कार्रवाई की गई।



तेतापारा चिल्हाटी में दबिश शराब बरामद, दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

अवैध शराब की बिक्री पर अंकुश लगाने के लिए कोरर पुलिस ने ग्राम तेतापारा चिल्हाटी में कार्रवाई करते हुए दो अलग-अलग मामलों में दो आरोपियों को पकड़ा है। पुलिस ने दोनों के कब्जे से कुल 14 लीटर देशी महुआ शराब और बिक्री की रकम 500 रुपये जब्त की है। दोनों मामलों में आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

■ दो अलग-अलग मामलों में 14 लीटर महुआ शराब और 500 रुपये जब्त, आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 24 अक्टूबर को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम तेतापारा चिल्हाटी में दो व्यक्ति अपने-अपने घर के आंगन में अवैध रूप से महुआ शराब रखकर बिक्री कर रहे हैं। सूचना को गंभीरता से लेते हुए कोरर पुलिस ने अलग-अलग स्थानों पर दबिश देकर जांच की। पहले मामले में पुलिस ने ग्राम तेतापारा चिल्हाटी निवासी 39 वर्षीय भरोस तेता, पिता सदराम तेता के घर के आंगन की तलाशी ली। इस दौरान 10 लीटर क्षमता वाली प्लास्टिक जरकीन में लगभग 7 लीटर देशी महुआ शराब बरामद हुई। जब्त शराब की कीमत करीब 700 रुपये आंकी गई।



इसके अलावा शराब बिक्री से प्राप्त 300 रुपये भी पुलिस ने जब्त किए। दूसरे मामले में पुलिस ने इसी गांव के निवासी 23 वर्षीय रामदेव दरपेटी, पिता सोपसिंग दरपेटी के कब्जे से लगभग 7 लीटर देशी महुआ शराब बरामद की। इसकी कीमत भी करीब 700 रुपये बताई गई है। पुलिस ने आरोपी के पास से शराब बिक्री की रकम 200 रुपए भी जब्त की। इस तरह दोनों मामलों में पुलिस ने कुल 14 लीटर देशी महुआ शराब, जिसकी अनुमानित कीमत 1,400 रुपये है, और बिक्री की 500 रुपये नकद राशि जब्त की है।

कोरर पुलिस ने दोनों आरोपियों के विरुद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। पुलिस की इस कार्रवाई को क्षेत्र में अवैध शराब की बिक्री पर नियंत्रण की दिशा में उठाया गया कदम माना जा रहा है।

अनुशासन और खेल भावना से मैदान मारे जाते : आशाराम नेताम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

ग्रामीण अंचलों में खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने और युवाओं में खेल के प्रति उत्साह जगाने के उद्देश्य से आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में विधायक आशाराम नेताम शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया और खेल के महत्व पर प्रकाश डालते हुए युवाओं को मेहनत, अनुशासन और समर्पण के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले को लेकर खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों में उत्साह का माहौल रहा। विधायक आशाराम नेताम ने प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियों की खेल भावना और उनके प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि खेल केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं हैं, बल्कि ये युवाओं के व्यक्तित्व निर्माण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। खेलों से अनुशासन, साहस, आत्मविश्वास, टीम भावना और विपरीत परिस्थितियों में संघर्ष करने की क्षमता विकसित होती है। नियमित खेल गतिविधियां युवाओं को सकारात्मक दिशा देने के साथ उनके शारीरिक और मानसिक विकास में भी सहायक होती हैं। उन्होंने कबड्डी जैसे पारंपरिक खेलों के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में इस तरह की प्रतियोगिताएं स्थानीय प्रतिभाओं को अपनी क्षमता प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करती हैं। कबड्डी छत्तीसगढ़ सहित देश के ग्रामीण अंचलों में लोकप्रिय खेलों में शामिल है। ऐसे आयोजनों से पारंपरिक खेल संस्कृति को बढ़ावा मिलता है और नई पीढ़ी अपनी खेल विरासत से जुड़ी रहती है। ग्रामीण स्तर पर आयोजित ⏭शेष पेज 10 पर

■ आमाझोला में कबड्डी प्रतियोगिता का फाइनल, खिलाड़ियों का बढ़ाया





40 गौवंशों की चोरी व ओडिशा में बिक्री के मामले में दो मुख्य आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

आवारा और लावारिस मवेशियों को गौशाला पहुंचाने का आश्वासन देकर 40 गौवंशों को ले जाने और बाद में ओडिशा में बेचने के मामले में नरहरपुर पुलिस ने दो फरार मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से मवेशियों की बिक्री के 32 हजार रुपये, 10 हजार रुपये कीमत का मोबाइल फोन और घटना में प्रयुक्त 12 लाख रुपए कीमत की मारुति ब्रेजा कार जब्त की है। जब्त सामग्री की कुल कीमत 12 लाख 42 हजार रुपये बताई गई है। इस मामले में अब तक 10 आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है। पुलिस के अनुसार नरहरपुर निवासी रविकांत ठाकुर ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि क्षेत्र के ग्रामीणों की गाय और बछड़े रात में लापता हो गए हैं। जांच के दौरान पता चला कि हिमांशु तिवारी और गौरव सोरी ने मवेशियों को गौशाला पहुंचाने का आश्वासन देकर ग्रामीणों से संपर्क किया था। इसके बाद नरहरपुर हाईस्कूल खेल मैदान से करीब 40 गौवंशों को पिकअप वाहनों में भरकर ले जाया गया।



ग्रामीणों ने पंडरीपानी, सिहावा स्थित गौशाला में जानकारी ली, तो वहां नरहरपुर से मवेशियों के पहुंचने की पुष्टि नहीं हुई। शिकायत पर पुलिस ने अपराध क्रमांक 193/2026, धारा 303(2) बीएनएस ⏭शेष पेज 10 पर

नरहरदेव मैदान से मिनी स्टेडियम तक निकला पथ संचलन, पुष्पवर्षा से स्वागत

आरएसएस का गुणात्मक पथ संचलन, कदमताल करते निकले स्वयंसेवक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

रविवार को शहर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) का गुणात्मक पथ संचलन आयोजित किया गया। घोष वादन की धुन, हाथों में दंड और अनुशासित कदमताल के साथ निकले प्रशिक्षित स्वयंसेवकों ने पथ संचलन में भाग लिया। नरहरदेव मैदान में एकत्रीकरण होने के उपरांत यहीं से शुरू हुआ संचलन विभिन्न मार्गों से गुजरते हुए मिनी स्टेडियम मैदान पहुंचा, जहां ध्वजारोहण और प्रार्थना के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस दौरान शहर में जगह-जगह स्वयंसेवकों का स्वागत किया गया और पुष्पवर्षा की गई।

रविवार 25 अक्टूबर को नरहरदेव मैदान में दोपहर ढाई बजे से एकत्रीकरण शुरू हुआ और उसके उपरांत साढ़े 3 बजे नरहरदेव मैदान में ध्वजारोहण और प्रार्थना की गई। इसके उपरांत घोष वादन के साथ गुणात्मक पथ संचलन की शुरुआत हुई। पूरी तरह प्रशिक्षित स्वयंसेवक हाथों में दंड लेकर अनुशासित ढंग से कदमताल करते हुए आगे बढ़े। संचलन नरहरदेव मैदान से मुख्य मार्ग होते हुए ऊपर-नीचे मार्ग से होते हुए शहर के मुख्य मार्ग से होते हुए बस स्टैंड के सामने मिनी स्टेडियम पहुँचे। मिनी स्टेडियम में मुख्य वक्ता कुटुंब प्रबोधन के प्रांत प्रमुख हरिओम शर्मा की उपस्थिति में शस्त्र पूजा हुई और उसके उपरांत प्रांत प्रमुख ने संबोधन में कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के संस्थापक डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार के जीवन परिचय और उनके संगठनात्मक कार्यों की चर्चा करते हुए बताया गया कि उन्होंने वर्ष 1925 में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना की थी। उनका उद्देश्य समाज को संगठित करना, अनुशासन की भावना विकसित करना और राष्ट्र के प्रति समर्पण की भावना को प्रोत्साहित करना था। उनके विचारों और कार्यों को समझते हुए समाज एवं राष्ट्र के प्रति अपने दायित्वों का निर्वहन करने की आवश्यकता पर जोर दिया गया। इस अवसर पर पंच परिवर्तन की अवधारणा के सामाजिक महत्व को विस्तार से समझाया गया। पंच परिवर्तन के अंतर्गत सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण, स्वदेशी जीवनशैली तथा नागरिक कर्तव्यों के पालन जैसे विषयों को प्रमुखता दी गई। इन पांच आयामों के माध्यम से परिवार, समाज और राष्ट्र के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने का संदेश दिया गया। कुटुंब प्रबोधन के माध्यम से परिवार में संस्कार, संवाद और आपसी जिम्मेदारी के महत्व को रेखांकित किया गया। पर्यावरण संरक्षण के तहत प्रकृति और जल संसाधनों की रक्षा, स्वदेशी जीवनशैली के अंतर्गत स्थानीय उत्पादों को प्रोत्साहन तथा नागरिक कर्तव्यों के माध्यम से जिम्मेदार नागरिक बनने की आवश्यकता बताई गई। व्यक्तिगत आचरण में सकारात्मक बदलाव और सामाजिक सहभागिता के माध्यम से समाज में व्यापक परिवर्तन लाया जा सकता है। इस दौरान उपस्थित लोगों से सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति सजग रहने और राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका निभाने का आह्वान किया गया।



कई पदाधिकारी और स्वयंसेवक हुए शामिल

आयोजित कार्यक्रम में जिला संघचालक बालकृष्ण तोमर, विभाग प्रचारक रामदयाल साहू, जिला प्रचारक विवेक वर्मा, जिला कार्यवाह पोखनलाल सिन्हा, जिला व्यवस्था प्रमुख विष्णु पाण्डेय, जिला प्रचार प्रमुख शीतला प्रसाद पाण्डेय, नगर कार्यवाह रमेश सेमरे, नगर खंड विस्तारक कपिल, अविनाश त्रिपाठी, सहित अन्य स्वयंसेवक शामिल हुए।

संकुल स्तरीय विदाई समारोह में प्राचार्य का किया सम्मान



कांकेर। संकुल केंद्र नंदनमारा में शनिवार को विदाई, सम्मान एवं स्वागत समारोह का गरिमामय आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शासकीय पंडित विष्णु प्रसाद शर्मा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गोविंदपुर के प्राचार्य राजेश सिंहदेव के सम्मान में विशेष समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान संकुल के शिक्षकों एवं उपस्थित अतिथियों ने उन्हें शाल, श्रीफल एवं मोमेंटो भेंटकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने प्राचार्य के सेवाकाल की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान विद्यालय के शैक्षणिक स्तर को बेहतर बनाने तथा छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर प्रयास किया। उनका सरल स्वभाव, कर्तव्यनिष्ठा एवं मार्गदर्शन शिक्षकों और विद्यार्थियों के लिए सदैव प्रेरणास्रोत रहा है। उनके योगदान को शिक्षा जगत में लंबे समय तक याद किया जाएगा। समारोह में उपस्थित अतिथियों ने उनके उज्ज्वल भविष्य एवं स्वस्थ जीवन की कामना करते हुए कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में उनके अनुभव और ⏭शेष पेज 10 पर

खबर संक्षेप

आधा दर्जन इंस्पेक्टर सबइंस्पेक्टर इधर से उधर

कोंडागांव। जिले के पुलिस विभाग में प्रशासनिक दृष्टिकोण से छह निरीक्षकों और उपनिरीक्षकों के पदस्थापना स्थल में अस्थायी बदलाव किया गया है। पुलिस अधीक्षक पंकज चंद्रा द्वारा 24 अक्टूबर 2026 को जारी आदेश के अनुसार, आगामी आदेश तक संबंधित अधिकारियों को नई जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। जारी आदेश के तहत निरीक्षक विकास बघेल को थाना केशकाल प्रभारी के पद से हटाकर रक्षित केंद्र में पदस्थ किया गया है। निरीक्षक रितेश मिश्रा को शिकायत शाखा से थाना केशकाल का प्रभारी बनाया गया है। निरीक्षक आलोक साहू को नक्सल सेल से थाना फरसगांव का प्रभारी नियुक्त किया गया है। वहीं निरीक्षक मनीषप्रसाद राजवाड़े को थाना पुंगारपाल से रक्षित केंद्र भेजा गया है। इसी तरह उपनिरीक्षक तरुण मयती को थाना कोंडागांव से थाना पुंगारपाल का प्रभारी बनाया गया है, जबकि उपनिरीक्षक शशिभूषण पटेल को थाना फरसगांव से रक्षित केंद्र में पदस्थ किया गया है।

रामलीला के मंचन और गृह मंत्री शाह के किरदार ने बटोरी सुर्खियां

फरसगांव। कोंडागांव जिले के फरसगांव विकासखंड के अंतिम छोर पर स्थित मैनपुर में शनिवार को जिले के प्रसिद्ध दशहरा उत्सव का आयोजन धूमधाम से किया गया। रामलीला के कलाकारों की शानदार प्रस्तुतियां और आकर्षक रथों की झांकियां उत्सव का मुख्य आकर्षण रहीं। आयोजन में बस्तर सांसद महेश कश्यप, कांकेर सांसद भोजराज नाग और केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम सहित क्षेत्र के अन्य जनप्रतिनिधि शामिल हुए। मैनपुर का दशहरा अपनी अनूठी परंपराओं और रामलीला के विशेष किरदारों के लिए क्षेत्र में अलग पहचान रखता है। पिछले वर्ष यहां योगी आदित्यनाथ के किरदार ने लोगों का ध्यान आकर्षित किया था, वहीं इस वर्ष गृह मंत्री अमित शाह के किरदार ने खूब सुर्खियां बटोरीं।

पुलिस ने आरोपों को किया खारिज

कोण्डागांव। माजीसा राइस मिल के सामने गांजे के पौधे पाए जाने के मामले में सोशल मीडिया और कुछ समाचार पत्रें में प्रसारित खबरों को लेकर कोण्डागांव पुलिस ने अपनी स्थिति स्पष्ट की है। पुलिस के अनुसार, इस मामले में 14 अक्टूबर को ही अपराध पंजीबद्ध कर गांजे के पौधे जब्त किए जा चुके हैं तथा प्रकरण की विवेचना जारी है। पुलिस ने कार्रवाई नहीं करने और प्रशासनिक संरक्षण दिए जाने संबंधी आरोपों को भ्रामक बताते हुए खारिज किया है। पुलिस के अनुसार, 14 अक्टूबर 2026 को मुखबिर से सूचना मिलने पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची थी। वहां विधिवत कार्रवाई करते हुए थाना कोण्डागांव में अपराध क्रमांक 324/2026, स्वापक औषधि एवं मनःप्रभावी पदार्थ अधिनियम एनडीपीएस अधिनियम की धारा 20 (क) के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया। इस दौरान गांजे के पौधे भी विधिवत जब्त किए गए। पुलिस ने स्पष्ट किया कि गांजे के पौधे संबंधित भवन की चारदीवारी के बाहर स्थित भूमि पर पाए गए थे।



विधायक टेकाम के निवास पर ग्रामीणों ने सुनी 'मन की बात', 55 ग्रामीणों ने किया भाजपा प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ केशकाल

प्रधानमंत्री मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम में शामिल हुए ग्रामीण

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' को सुनने के लिए भाजपा विधायक नीलकंठ टेकाम के निवास पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान विधायक नीलकंठ टेकाम के साथ ग्रामीणों ने प्रधानमंत्री के विचारों को सुना। कार्यक्रम में क्षेत्र की विभिन्न ग्राम पंचायतों से पहुंचे 55 ग्रामीणों ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर पार्टी में प्रवेश किया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम के माध्यम से देश के विभिन्न क्षेत्रों में हो रहे प्रेरणादायी कार्यों, सामाजिक पहलों, जनभागीदारी और विकास से जुड़े विषयों को आम नागरिकों तक पहुंचाया जाता है। विधायक नीलकंठ टेकाम के निवास पर आयोजित कार्यक्रम में ग्रामीणों ने एक साथ बैठकर इस प्रसारण को सुना।



'मन की बात' के साथ संगठनात्मक गतिविधियों पर जोर

विधायक नीलकंठ टेकाम के निवास पर आयोजित इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री के विचारों को सुनने के साथ ग्रामीणों की सहभागिता देखने को मिली। ऐसे आयोजनों के माध्यम से जनप्रतिनिधियों, पार्टी कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों को एक साथ जुड़ने का अवसर मिलता है। कार्यक्रम में 'मन की बात' का श्रवण और ग्रामीणों का भाजपा में प्रवेश दो प्रमुख गतिविधियां रहीं। विधायक नीलकंठ टेकाम के निवास पर आयोजित इस आयोजन के माध्यम से ग्रामीणों की सहभागिता और पार्टी के संगठनात्मक संपर्क को रेखांकित किया गया।

अलग-अलग पंचायतों के लोग शामिल

कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण विभिन्न ग्राम पंचायतों से आए 55 ग्रामीणों का भाजपा में प्रवेश रहा। इन ग्रामीणों ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। विधायक नीलकंठ टेकाम की मौजूदगी में नवप्रवेशी सदस्यों का स्वागत किया गया। ग्रामीणों के पार्टी से जुड़ने को स्थानीय स्तर पर संगठनात्मक गतिविधियों के लिहाज से महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

31 मार्च 2027 तक प्रदेश के एक हजार वैद्यों के प्रमाणन का लक्ष्य

कोंडागांव में 309 पारंपरिक वैद्यों का सम्मान उनके ज्ञान का होगा दस्तावेजीकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव



छत्तीसगढ़ की समृद्ध आदिवासी स्वास्थ्य परंपरा और पारंपरिक चिकित्सा ज्ञान को संरक्षित करने की दिशा में राज्य शासन द्वारा एक अत्यंत महत्वपूर्ण पहल की जा रही है। इसी कड़ी में छत्तीसगढ़ आदिवासी स्थानीय स्वास्थ्य परंपरा एवं औषधि पादप बोर्ड द्वारा कोंडागांव स्थित ऑडिटोरियम में पारंपरिक वैद्य स्वैच्छिक प्रमाणन कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश के दूरस्थ वनांचलों से आए 309 पारंपरिक वैद्यों को आधिकारिक प्रमाण पत्र प्रदान कर उनके अमूल्य अनुभवों, पारंपरिक ज्ञान और समाज सेवा भाव का गरिमामय सम्मान किया गया।

इस महत्वपूर्ण आयोजन के मुख्य अतिथि वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री केदार कश्यप रहे, जबकि अध्यक्षता बोर्ड के अध्यक्ष विकास मरकाम ने की। इसके अलावा, बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष एवं कोंडागांव विधायक लता उसेंडी और बोर्ड के उपाध्यक्ष अंजय शुक्ला विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य प्राचीन चिकित्सा पद्धतियों का संरक्षण करना, वैद्यराजों के विशिष्ट ज्ञान का दस्तावेजीकरण करना और इस अनमोल विरासत को आने वाली पीढ़ियों तक सुरक्षित पहुंचाना है।

पारंपरिक ज्ञान और जड़ों को सहेजना समय की बड़ी जरूरत : मुख्य अतिथि वन मंत्री केदार कश्यप ने पारंपरिक वैद्यों को प्रमाण पत्र मिलने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि हमारी जड़ें जितनी मजबूत होंगी, हमारी संस्कृति और परंपराएं उतनी ही अधिक समृद्ध होंगी। यदि हम केवल आधुनिकता और वर्तमान आवश्यकताओं पर ही ध्यान देते रहे और अपनी प्राचीन परंपराओं की उपेक्षा की, तो आने वाली पीढ़ियों को अपनी सांस्कृतिक विरासत का समुचित ज्ञान नहीं मिल पाएगा।

उन्होंने कहा कि वैद्यराजों का ज्ञान प्राकृतिक संसाधनों की पहचान, वनस्पतियों के सटीक अनुभवों और पीढ़ियों से चली आ रही समझ पर आधारित है। इसे केवल औपचारिक शिक्षा या डिग्रडियों से हासिल नहीं किया जा सकता। इसलिए औषधीय वनस्पतियों से जुड़ी इस जानकारी को संकलित करना अनिवार्य है। वन मंत्री ने कहा कि हमारे आसपास के पेड़-पौधे, फल-फूल और जड़ें पारंपरिक जीवन का अहम हिस्सा रहे हैं। बदलती जीवनशैली के कारण यह ज्ञान धीरे-धीरे सीमित हो रहा है।

पारंपरिक चिकित्सा ज्ञान को सुरक्षित रखना जरूरी

बोर्ड के अध्यक्ष विकास मरकाम ने बताया कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और वन मंत्री केदार कश्यप के मार्गदर्शन में वैद्यों के प्रमाणन और दस्तावेजीकरण का कार्य तेजी से चल रहा है। प्रथम चरण में 309 वैद्यों को प्रमाण पत्र दिए जा रहे हैं, जबकि बोर्ड का लक्ष्य 31 मार्च 2027 तक प्रदेश के एक हजार पारंपरिक वैद्यों का प्रमाणन पूरा करना है। उन्होंने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से हुई अपनी मुलाकात का जिक्र करते हुए कहा कि पारंपरिक चिकित्सा ज्ञान को सुरक्षित रखना आज समय की मांग है।

नई पीढ़ी तक ज्ञान पहुंचाना आवश्यकः लता उसेंडी

विधायक लता उसेंडी ने कहा कि पूर्वजों से प्राप्त इस ज्ञान का संरक्षण समाज के लिए बहुत जरूरी है। समय के साथ खान-पान की आदतें बदली हैं, लेकिन हमें पारंपरिक अनाजों और वन उपज को अपनी जीवनशैली का हिस्सा बनाना होगा। उन्होंने वैद्यराजों के अनुभवों को संकलित कर नई पीढ़ी तक पहुंचाने का आह्वान किया ताकि स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूकता बढ़ सके।

चक्रवात के खतरे को देखते हुए प्रशासन ने नागरिकों से की सावधानी बरतने की अपील



कोण्डागांव। उत्तरी आंध्र प्रदेश तट पर संभावित चक्रवाती तूफान और मौसम विभाग की चेतावनी को देखते हुए कोंडागांव जिला प्रशासन सतर्क हो गया है। बस्तर संभाग सहित जिले में बारिश की संभावना को ध्यान में रखते हुए प्रशासन ने आपदा प्रबंधन की तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश जारी किए हैं। कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने संबंधित विभागों को आवश्यक एहतियाती कदम उठाने तथा किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए आपसी समन्वय के साथ कार्य करने को कहा है।

सभी विभागों को अलर्ट रहने के निर्देश : संभावित खराब मौसम को देखते हुए जिला प्रशासन ने राजस्व, पुलिस, नगरीय प्रशासन, पंचायत, स्वास्थ्य, विद्युत सहित अन्य संबंधित विभागों को सतर्क रहने के निर्देश दिए हैं। मैदानी अमले को भी सक्रिय रहकर परिस्थितियों पर नजर रखने तथा आवश्यकता पड़ने पर तत्काल कार्रवाई करने के लिए तैयार रहने को कहा गया है। प्रशासन का उद्देश्य संभावित प्राकृतिक आपदा के दौरान जनसुरक्षा सुनिश्चित करना और राहत एवं बचाव कार्यों को समय पर संचालित करना है।

नागरिकों से सावधानी बरतने की अपील : जिला प्रशासन ने आम नागरिकों से खराब मौसम के दौरान सतर्कता बरतने की अपील की है। लोगों से कहा गया है कि अनावश्यक रूप से घर से बाहर निकलने से बचें तथा नदी–नालों, जलभराव वाले क्षेत्रें और अन्य जोखिमपूर्ण स्थानों से दूर रहें। प्रशासन ने नागरिकों से मौसम संबंधी चेतावनियों पर ध्यान देने और प्रशासन द्वारा जारी दिशा–निर्देशों का पालन करने की अपील की है।

जिला और तहसील स्तर पर नियंत्रण कक्ष सक्रिय रखने की तैयारी

जिला प्रशासन ने संभावित आपदा से निपटने के लिए जिला एवं तहसील स्तर पर नियंत्रण कक्षों को सक्रिय रखने और मौसम संबंधी चेतावनियों पर लगातार निगरानी रखने के निर्देश दिए हैं। संबंधित विभागों को आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं तैयार रखने को कहा गया है, ताकि किसी भी अप्रिय परिस्थिति में समन्वित ढंग से काम किया जा सके।

माकड़ी में नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में फरार आरोपी गिरफ्तार

कोण्डागांव। जिले के माकड़ी थाना क्षेत्र में नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में फरार चल रहे आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार, आरोपी की पहचान तेमेश नेताम 21 वर्ष, निवासी तमरावण्ड, थाना माकड़ी के रूप में हुई है। मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने घेराबंदी कर उसे पकड़ा। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को न्यायिक रिमांड के लिए माननीय न्यायालय में पेश किया गया।

7 अक्टूबर को दर्ज हुई थी शिकायत : पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, प्रार्थिया ने 7 अक्टूबर 2026 को थाना माकड़ी में लिखित शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में आरोप



लगाया गया कि तेमेश नेताम उसकी नाबालिग पुत्री को बहला–फुसलाकर अपने साथ ले गया और उसके साथ जबरन शारीरिक संबंध बनाए, जिसके कारण पीड़िता गर्भवती हो गई। शिकायत के आधार पर थाना माकड़ी में अपराध क्रमांक 47/2026 के तहत भारतीय न्याय संहिता बीएनएस की धारा 137(2), 64(2), 64(3), 65(1) तथा पॉक्सो एक्ट की धारा 6 के अंतर्गत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की गई थी।

घटना के बाद से फरार था आरोपी : पुलिस के अनुसार, मामला दर्ज होने के बाद से आरोपी फरार चल रहा था। उसकी तलाश के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे थे। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक पंकज चन्द्रा के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कपिल चन्द्रा एवं उप पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ बघेल के मार्गदर्शन में विशेष टीम गठित की गई। थाना प्रभारी निरीक्षक ज्ञानेन्द्र सिंह चौहान के नेतृत्व में पुलिस टीम आरोपी की तलाश में जुटी थी। इसी दौरान मुखबिर से मिली सूचना और प्राप्त लोकेशन के आधार पर पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ लिया।

राष्ट्रीय एकता दिवस पर कोंडागांव पुलिस ने दिखाई स्टैच्यू ऑफ यूनिटी पर आधारित डॉक्यूमेंट्री

कोण्डागांव। लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर कोंडागांव पुलिस द्वारा विभिन्न स्थानों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में पुलिस कार्यालय, थाना केशकाल, थाना विश्रामपुरी तथा स्वामी आत्मानंद स्कूल कोंडागांव में स्टैच्यू ऑफ यूनिटी पर आधारित विशेष डॉक्यूमेंट्री वीडियो का प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम में पुलिस अधिकारियों–कर्मचारियों के साथ विद्यार्थियों ने भी सहभागिता की।

स्टैच्यू ऑफ यूनिटी के निर्माण की दिखाई गई कहानी : पुलिस अधीक्षक कार्यालय में उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों तथा रक्षित केंद्र की आरोहण कोचिंग के विद्यार्थियों को विशेष डॉक्यूमेंट्री के माध्यम से विश्व की सबसे ऊंची प्रतिमा स्टैच्यू ऑफ यूनिटी के निर्माण और उसके महत्व की जानकारी दी गई। वीडियो में बताया गया कि 182 मीटर ऊंची यह प्रतिमा सरदार वल्लभभाई पटेल के योगदान, राष्ट्रीय एकता और अखंडता का प्रतीक है। डॉक्यूमेंट्री के माध्यम से यह भी बताया गया कि देश के विभिन्न गांवों से लोहा और मिट्टी एकत्र करने सहित जनभागीदारी के प्रयासों ने इस प्रतिमा के निर्माण को राष्ट्रीय एकता के संदेश से जोड़ा।



थाना केशकाल और विश्रामपुरी में भी हुआ आयोजन

राष्ट्रीय एकता दिवस के कार्यक्रम के तहत थाना केशकाल में थाना स्टाफ की बैठक आयोजित कर डॉक्यूमेंट्री वीडियो प्रदर्शित किया गया। इसी प्रकार थाना विश्रामपुरी में आईटीआई एवं कॉलेज के विद्यार्थियों को पुलिस स्टाफ की उपस्थिति में वीडियो के माध्यम से सरदार पटेल के जीवन, विचारों और राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान की जानकारी दी गई। स्वामी आत्मानंद स्कूल कोंडागांव में भी स्टैच्यू ऑफ यूनिटी से संबंधित वीडियो का प्रदर्शन कर विद्यार्थियों को राष्ट्रीय एकता के महत्व से अवगत कराया गया।

सुरक्षित बचपन अभियान के तहत स्कूलों में बच्चों को किया जाएगा जागरूक, बाल विवाह और शोषण रोकने पर जोर

कोण्डागांव। बच्चों के अधिकारों के संरक्षण, बाल अपराधों की रोकथाम और विद्यालयों में सुरक्षित वातावरण विकसित करने के उद्देश्य से जिले में सुरक्षित बचपन अभियान के तहत जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। इसी क्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव में प्रशिक्षण कार्यक्रम एवं पैरालीगल वॉलिंटियर्स की मासिक बैठक आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष खिलावन राम रिगरी ने की। बैठक में बच्चों की सुरक्षा, कानूनी अधिकारों और विभिन्न विभागों के समन्वय से जागरूकता अभियान चलाने पर विस्तार से चर्चा हुई।



बाल विवाह और बाल शोषण की रोकथाम पर जोर : अभियान के तहत बच्चों, शिक्षकों, अभिभावकों और समाज को बाल विवाह तथा बाल शोषण के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक किया जाएगा। साथ ही बच्चों को सुरक्षित एवं असुरक्षित व्यवहार की पहचान, शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया और जरूरत पड़ने पर सहायता प्राप्त करने के तरीकों की जानकारी दी जाएगी।

छह प्रमुख विषयों पर चलेगा जागरूकता अभियान : सुरक्षित बचपन अभियान के अंतर्गत छह प्रमुख विषयों को शामिल किया गया है। इनमें ना बाल विवाह, ना बाल शोषण, कानून जानो, बचपन बचाओ, जागरूक बचपन, सशक्त भारत, सुरक्षित क्लिक, सुरक्षित बचपन, मेरा बचपन, मेरा अधिकार तथा बोलो, बताओ, बचाओ शामिल हैं। इन विषयों के माध्यम से बच्चों को उनके अधिकारों और सुरक्षा के प्रति जागरूक किया जाएगा।

स्कूलों में संयुक्त टीम चलाएगी जागरूकता अभियान

सुरक्षित बचपन अभियान को प्रभावी बनाने के लिए शिक्षा विभाग, पुलिस विभाग, बाल कल्याण समिति, बाल संरक्षण इकाई और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सहित संबंधित विभागों की संयुक्त टीम गठित कर विद्यालयों में जागरूकता गतिविधियां आयोजित करने की कार्ययोजना पर जोर दिया गया। इन गतिविधियों के माध्यम से बच्चों को उनके अधिकारों और सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी जाएगी।

कृषकों ने जनहित में त्यागा अपना हित

ओडिशा सीमा पर भालूगुड़ा एनीकट के सभी 38 जलद्वार खोले गए

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर



आगामी 27 एवं 28 अक्टूबर को संभावित चक्रवाती वर्षा एवं बाढ़ की आशंका को दृष्टिगत रखते हुए छत्तीसगढ़ जल संसाधन विभाग ने पड़ोसी राज्य ओडिशा के प्रति संवेदनशीलता एवं सहयोग का परिचय देते हुए अंतरराज्यीय सीमा पर स्थित भालूगुड़ा एनीकट के सभी 38 जलद्वार पूर्णतः खोल दिए हैं।

उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ शासन की नीति के अनुरूप वर्षा ऋतु समाप्त होने के पश्चात 15 सितंबर तक प्रदेश की एनीकट योजनाओं के जलद्वार स्थानीय निस्तारी, सिंचाई एवं भूजल पुनर्भरण के उद्देश्य से बंद कर दिए जाते हैं।

बस्तर क्षेत्र में भी इस व्यवस्था का पालन किया गया था। भालूगुड़ा एनीकट के कुल 38 जलद्वारों में से 28 पूर्व से क्रियाशील थे, जबकि शेष 10 जलद्वार स्थानीय निस्तारी हेतु जल संचयन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से बंद रखे गए थे। किंतु संभावित चक्रवाती आपदा एवं ओडिशा जल संसाधन विभाग के विशेष आग्रह को देखते हुए छत्तीसगढ़ जल संसाधन विभाग की विद्युत एवं यांत्रिकी शाखा, बस्तर द्वारा ओडिशा जल संसाधन विभाग एवं एनएमडीसी के समन्वय से शेष 10 जलद्वार भी खोल दिए गए। छत्तीसगढ़ जल संसाधन विभाग की यह पहल न केवल संभावित आपदा के प्रति सजगता एवं अंतरराज्यीय सहयोग का उदाहरण है, बल्कि यह संदेश भी देती है कि मानवीय संवेदनशीलता, जनसुरक्षा एवं पड़ोसी धर्म के निर्वहन में राज्यों की सीमाएँ बाधक नहीं बन सकतीं।

जल संसाधन विभाग व जिला प्रशासन ने दी समझाइश

अधीक्षण अभियंता जल संसाधन इंद्रावती परियोजना मंडल जगदलपुर वेदप्रकाश पांडे ने इस बारे में बताया कि उक्त कार्यवाही के दौरान स्थानीय कृषकों ने जल संचयन एवं निस्तारी की आवश्यकताओं को लेकर प्रारंभ में विरोध व्यक्त किया। किंतु जल संसाधन विभाग एवं स्थानीय प्रशासन द्वारा संभावित आपदा की गंभीरता तथा पड़ोसी राज्य के नागरिकों की सुरक्षा का महत्व समझाए जाने पर कृषकों ने व्यापक जनहित को सर्वोपरि रखते हुए सभी जलद्वार खोलने की सहर्ष सहमति प्रदान की। बस्तर के कृषकों का यह संवेदनशील एवं उदार निर्णय भारतीय संस्कृति के महान आदर्श 'परहित सरिस धरम नहि भाई' की भावना को चरितार्थ करता है।

पेज 09 के शेष...

मेहनत, अनुशासन और खेल ...

खेल प्रतियोगिताएं युवाओं को अपनी प्रतिभा पहचानने और उसे निखारने का अवसर देती हैं। साथ ही खिलाड़ियों में प्रतिस्पर्धा की भावना, आपसी सहयोग और खेल के नियमों के प्रति सम्मान विकसित होता है। स्थानीय स्तर पर मिलने वाला प्रोत्साहन खिलाड़ियों को आगे चलकर बड़े मंचों पर अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए प्रेरित कर सकता है। विधायक ने क्षेत्र के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को निरंतर प्रोत्साहित करने और उन्हें आगे बढ़ने के अवसर उपलब्ध कराने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए मेहनत, लगन और खेल भावना के साथ अपने लक्ष्य की ओर बढ़ने का संदेश दिया। उन्होंने आशा व्यक्त की कि ग्रामीण अंचलों के खिलाड़ी अपनी प्रतिभा के दम पर गांव, क्षेत्र और छत्तीसगढ़ का नाम रोशन करेंगे।

40 गौवंशों की चोरी व ...

के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की। पहले आठ आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया था। फरार मुख्य आरोपी हेमंत यादव, निवासी धमतरी, और प्रियेश साहू, निवासी खरतुली, जिला धमतरी की तलाश जारी थी। सूचना मिलने पर पुलिस ने धमतरी में घेराबंदी कर दोनों को गिरफ्तार किया। पुलिस के मुताबिक पूछताछ में आरोपियों ने कथित तौर पर चोरी किए गए मवेशियों को ओडिशा के पापड़ाहांडी ले जाकर 85 हजार रुपये में बेचने की बात स्वीकार की। मवेशियों को कथित तौर पर कत्लखाने ले जाने और उनके साथ क्रूरता किए जाने के मामले में छत्तीसगढ़ कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम, 2004 की धारा 4, 6 और 10 तथा पशु क्रूरता निवारण अधिनियम की धारा 11(घ) भी जोड़ी गई हैं। गिरफ्तार दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

संकुल स्तरीय विदाई ...

कार्यशैली से अन्य शिक्षकों को भी प्रेरणा मिलती रहेगी। कार्यक्रम आत्मीयता, सम्मान और भावुकता के वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में केआर सिन्हा, हरीश साहू एवं मोहम्मद असलम खान, गुलराज शर्मा, ब्रजराज नागराज, नंद कुमार अटभैया, अजय तिवारी, लक्ष्मीनाथ साहू, दुर्गा नेताम, महेंद्र श्रीवास्तव, खिल गजानंद सावों, ओमप्रकाश सेन, अशोक नेताम, प्रदीप टांडिया, रोमन जैन, उत्तम पटेल, नीलिमा गौतम, लक्ष्मी ध्रुव, ऐन कुमारी नेताम, प्रतिमा गावड़े, मीना नाग, रीता रायस्त, मीना जैन, नीता लोहले, प्रीति सिन्हा, लच्छू यादव, देवश्री सलाम, गीता यादव, अदिति रायस्त, राहुल डड़सेना, दीपिका ठाकुर, सुदेश बघेल, मुगधा साहू एवं निशा मंडावी सहित संकुल के शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

स्वास्थ्य सेवाओं में लैब टेक्नोलॉजिस्ट के योगदान और कोरोना काल के संघर्ष को किया याद

कोंडागांव। जिला मेडिकल लैब टेक्नोलॉजिस्ट संघ कोंडागांव के तत्वावधान में 24 अक्टूबर को एमएलटी दिवस के अवसर पर काष्ठागार वन परिसर स्थित नीलम हॉल में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मेडिकल लैब टेक्नोलॉजिस्ट के योगदान को सम्मानित करते हुए स्वास्थ्य सेवाओं में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आरके चतुर्वेदी, बीएमओ डॉ. हरेंद्र बघेल सहित वरिष्ठ अधिकारियों ने अपने व्यक्तिगत अनुभव साझा किए। इस दौरान कोरोना महामारी के कठिन दौर को भी याद किया गया, जब लैब टेक्नोलॉजिस्ट ने अपनी जान की परवाह किए बिना कोरोना वॉरियर्स के रूप में लगातार सेवाएं देते हुए मरीजों की जांच और उपचार व्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

खबर संक्षेप

मां दुर्गा की धूमधाम से विदाई, नन्ही बालिका बनी आकर्षण का केंद्र



जगदलपुर। शारदीय नवरात्रि समाप्त होने के बाद भी शहर में दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन का सिलसिला जारी है। कुछ दुर्गा उत्सव समितियां शुभ मुहूर्त के अनुसार मां दुर्गा की प्रतिमाओं का विसर्जन कर रही हैं। इसी कड़ी में नगर के फुटबॉल ग्राउंड में स्थापित मां परदेसनी दुर्गा पंडाल की प्रतिमा का धूमधाम से विसर्जन आज किया गया। इस दौरान भक्तिमय माहौल के बीच मां दुर्गा को विदाई देने के लिए श्रद्धालुओं में उत्साह देखने को मिला। विसर्जन के अवसर पर पंडाल में मां दुर्गा के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की मौजूदगी रही। पूजा-अर्चना और धार्मिक उत्साह के बीच मां की प्रतिमा को विदाई दी गई। इस दौरान पंडाल में सजे धार्मिक स्वरूप और श्रद्धालुओं की आस्था ने आयोजन को विशेष बना दिया। इस आयोजन में मां दुर्गा की प्रतिमा के समीप बैठाई गई एक नन्ही बालिका विशेष आकर्षण का केंद्र रही। बालिका को मां दुर्गा के स्वरूप में सजाकर बैठाया गया था। उसका रूप और साज-सज्जा लोगों का ध्यान बरबस अपनी ओर खींच रहे थे। पंडाल में पहुंचने वाले श्रद्धालु और राहगीर भी बालिका के इस मनमोहक स्वरूप को देखकर आकर्षित हुए। नवरात्रि के दौरान मां दुर्गा की आराधना और पूजा-अर्चना के बाद प्रतिमा विसर्जन के साथ उत्सव का समापन होता है। हालांकि, परंपरा और शुभ मुहूर्त को ध्यान में रखते हुए कुछ समितियां नवरात्रि समाप्त होने के बाद भी विसर्जन करती हैं। मां परदेसनी दुर्गा पंडाल में भी इसी परंपरा के अनुरूप प्रतिमा को श्रद्धा और उत्साह के साथ विदाई दी गई।

बाल देखरेख संस्थाओं का औचक निरीक्षण

जगदलपुर। किशोर न्याय बालकों की देखरेख और संरक्षण अधिनियम, 2015 के प्रावधानों के तहत बाल कल्याण समिति, जिला बस्तर ने जिले की पंजीकृत बाल देखरेख संस्थाओं का औचक निरीक्षण किया । निरीक्षण के दौरान शासकीय बालिका गृह, खुला आश्रय गृह बालक, बस्तर सामाजिक जन विकास समिति, तथा दिव्यांग संस्था में निवासरत बालक-बालिकाओं के लिए उपलब्ध व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया।बाल कल्याण समिति, के अध्यक्ष नरेन्द्र पाणिग्राही ने बताया कि निरीक्षण के दौरान संस्थाओं में साफ-सफाई, पौष्टिक भोजन, बच्चों की नियमित पढ़ाई, स्वास्थ्य परीक्षण तथा सुरक्षा व्यवस्थाओं का अवलोकन किया गया। अधीक्षकों को बच्चों के प्रति संवेदनशील व्यवहार अपनाने और संस्थागत व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने के निर्देश दिए गए।

सार्वजनिक नवदुर्गा उत्सव समिति और सर्व हिंदू समाज का आयोजन, नौ दिनों तक गरबा-डांडिया और भजनों की रही धूम

रावण दहन के साथ नवरात्रि उत्सव का समापन

माता के जयकारों से गूंजा मिनी स्टेडियम, पहली बार मीना बाजार, बच्चों से लेकर बड़ों तक में उत्साह

हरिभूमि न्यूज ⏭ सुकमा

9 दिन मां दुर्गा की आराधना, गरबा-डांडिया की धूम और भक्ति के उल्लास से सराबोर रहा सुकमा का मिनी स्टेडियम। सार्वजनिक नवदुर्गा उत्सव समिति एवं सर्व हिंदू समाज, सुकमा के तत्वावधान में आयोजित शारदीय नवरात्रि उत्सव का समापन विजयादशमी पर रावण दहन के साथ हुआ। इस बार धार्मिक आयोजनों के साथ पहली बार सजे मीना बाजार ने उत्सव में चार चांद लगा दिए। झूलों, मनोरंजक स्टॉलों, भजन संध्या और सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने नौ दिनों तक मिनी स्टेडियम को उत्सव के रंग में रंगे रखा।

- समिति ने प्रशासन, दानदाताओं और नगरवासियों का जताया आभार

नवरात्रि के पहले दिन से ही मां दुर्गा के दर्शन और पूजा-अर्चना के लिए श्रद्धालुओं की आवाजाही बनी रही। शाम होते ही मिनी स्टेडियम में रौनक बढ़ जाती थी। गरबा-डांडिया की थाप पर थिरकते श्रद्धालु, भजन संध्या में गूंजते माता के जयकारे और परिवारों की मौजूदगी ने आयोजन को भव्य स्वरूप दिया। धार्मिक आस्था के साथ सांस्कृतिक गतिविधियों ने भी लोगों को जोड़े रखा।

नवरात्रि उत्सव के साथ पहली बार आयोजित मीना बाजार इस वर्ष का प्रमुख आकर्षण रहा। रंग-बिरंगे झूलों और मनोरंजक स्टॉलों ने बच्चों और युवाओं को खासा आकर्षित किया। परिवारों ने भी बाजार में पहुंचकर उत्सव का आनंद लिया। धार्मिक आयोजन के साथ मनोरंजन की व्यवस्था ने मिनी स्टेडियम की रौनक बढ़ाई और नगरवासियों को एक ही परिसर में भक्ति और मनोरंजन का अवसर मिला।

अष्टमी पर हवन, नवमी पर कन्या पूजन

नवरात्रि के अष्टमी पर्व पर हवन-पूजन कर सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की गई। नवमी पर कन्या पूजन के साथ धार्मिक परंपराओं का निर्वहन किया गया। इसके अलावा रंगोली और वॉल पेंटिंग जैसी प्रतियोगिताओं के माध्यम से बच्चों की रचनात्मक प्रतिभा को मंच दिया गया। 9 दिनों तक चले धार्मिक अनुष्ठानों में श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

धार्मिक परंपरा और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां

विजयादशमी पर रावण दहन के साथ नवरात्रि उत्सव का समापन हुआ। 9 दिनों तक चले इस आयोजन में धार्मिक परंपरा, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और मनोरंजन का संगम देखने को मिला। सार्वजनिक नवदुर्गा उत्सव समिति एवं सर्व हिंदू समाज ने आयोजन को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी लोगों के प्रति आभार जताया। समिति ने कहा कि नगरवासियों, दानदाताओं, श्रद्धालुओं, प्रशासनिक विभागों और पर्दे के पीछे रहकर व्यवस्थाएं संभालने वाले सहयोगियों की सहभागिता से आयोजन सफल हो सका। समिति ने भविष्य में भी इसी तरह सामूहिक सहयोग से धार्मिक और सामाजिक आयोजनों को आगे बढ़ाने की उम्मीद जताई।

सहयोग से सफल हुआ आयोजन

समिति सदस्य एवं नगर पालिका उपाध्यक्ष भुवनेश्वरी यादव ने कहा नवरात्रि उत्सव को सफल बनाने में सुकमा के दानदाताओं, श्रद्धालुओं और समिति सदस्यों का सहयोग सराहनीय रहा। सभी के सामूहिक प्रयासों से 9 दिनों तक पूजा-अर्चना, गरबा, विसर्जन और महाभंडारे सहित विभिन्न कार्यक्रम संपन्न हुए। जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन और नगरवासियों का प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष सहयोग मिला। सभी सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त करती हूं और उम्मीद है कि भविष्य में भी इसी तरह मिल-जुलकर धार्मिक आयोजनों को सफल बनाएंगे।



पर्दे के पीछे जुटे सहयोगियों का योगदान सराहनीय

समिति अध्यक्ष शीतल प्रभा नर्मदा ने कहा सार्वजनिक नवदुर्गा उत्सव समिति का उद्देश्य मां जगदम्बा की आराधना के माध्यम से पूरे सुकमा नगर को भक्तिमय वातावरण से जोड़ना था। नगरवासियों के उत्साह और समर्पण से यह संकल्प साकार हुआ। पंडाल सजाने वाले कारीगरों, बिजली विभाग, साउंड सिस्टम संचालकों, स्वच्छता कर्मियों और महाभंडारे की व्यवस्था में जुटे लोगों का योगदान बेहद महत्वपूर्ण रहा। सभी ने सेवा भावना से अपनी जिम्मेदारी निभाई। उम्मीद है कि भविष्य में भी सुकमा में ऐसे धार्मिक और सामाजिक आयोजन इसी उत्साह और सामूहिक सहभागिता के साथ होते रहेंगे।

प्रशासन और नगरवासियों की सहभागिता अहम

विहिप जिला अध्यक्ष एवं समिति कोषाध्यक्ष अनिल टावरी ने कहा मां दुर्गा के भव्य आयोजन को सफल बनाने में जिला प्रशासन, नगर पालिका प्रशासन, पीडब्ल्यूडी विभाग और पुलिस प्रशासन की महत्वपूर्ण भूमिका रही। दानदाताओं, श्रद्धालुओं और समाज के विभिन्न वर्गों ने भी अपनी सहभागिता से आयोजन को यादगार बनाया। समिति की ओर से सभी सहयोगियों का आभार व्यक्त करता हूं। मां भगवती सभी के जीवन में सुख, शांति और समृद्धि प्रदान करें।

मूर्तियों के विसर्जन के बाद जगह-जगह भंडारा, प्रसाद ग्रहण करने उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



हरिभूमि न्यूज ⏭ मद्देड़

शारदीय नवरात्रि पर्व के समापन के बाद बीजापुर जिले के विभिन्न ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में स्थापित मंदिर पंडालों में मूर्तियों के विसर्जन के उपरांत श्रद्धा और उत्साह का माहौल बना हुआ है। देवी विसर्जन के पश्चात समितियों के सदस्यों द्वारा शुभ दिन तय कर जगह-जगह महाभंडारे और प्रसाद वितरण का भव्य आयोजन किया जा रहा है। महाभंडारे की जानकारी गांव-गांव तक पहुंचाने के लिए लाउडस्पीकर द्वारा मुनादी कराई जा रही है।

दूर-दराज से पहुंचे श्रद्धालु

इस अवसर पर स्थानीय ग्रामवासियों के साथ-साथ आसपास के दूर-दराज क्षेत्रों से बड़ी संख्या में महिलाएं, पुरुष, युवा, बुजुर्ग और बच्चे आशीर्वाद लेने तथा महाप्रसाद ग्रहण करने पहुंच रहे हैं। आयोजनों में भक्तों के लिए विशेष रूप से स्वादिष्ट हलवा, खीर, पूड़ी, दाल, चावल और मिक्स सब्जी का महाप्रसाद तैयार किया जा रहा है। सभी श्रद्धालु पूरी श्रद्धा के साथ इस महाप्रसाद का आनंद ले रहे हैं।

सामाजिक सौहार्द की मिसाल

पूजा-अर्चना और प्रतिमा विसर्जन के पश्चात आयोजित इन महाभंडारों से पूरा जिला भक्ति रस में सराबोर है। यह धार्मिक आयोजन क्षेत्र में आपसी भाईचारे, सहयोग और सामाजिक सौहार्द का एक सुंदर उदाहरण प्रस्तुत कर रहा है। भंडारे के सफल संचालन में समितियों के सदस्यों के साथ स्थानीय युवा बढ़-चढ़कर अपनी सेवाएं दे रहे हैं।

डब्बाकोंटा में गरजे हरीश कवासी, बोले- भाजपा को आदिवासियों से नहीं, प्राकृतिक संसाधनों से मतलब

हरिभूमि न्यूज ⏭ सुकमा

जिला कांग्रेस कमेटी सुकमा के 'वोट बचाओ, देश बचाओ' अभियान के तहत रविवार को डब्बाकोंटा में विशाल जनसभा का आयोजन किया गया। सभा में कांग्रेस जिलाध्यक्ष हरीश कवासी ने आदिवासी अधिकारों, क्षेत्र के विकास, बुनियादी सुविधाओं और जेलों में बंद आदिवासियों की रिहाई का मुद्दा उठाते हुए भाजपा सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार को आदिवासियों के जीवन स्तर में सुधार से ज्यादा बस्तर के प्राकृतिक संसाधनों और कॉरपोरेट हितों की चिंता है। कार्यक्रम में विभिन्न गांवों से पहुंचे सैकड़ों ग्रामीण शामिल हुए। इस दौरान 200 से अधिक ग्रामीणों ने कांग्रेस की सदस्यता भी ग्रहण की।

- 'वोट बचाओ, देश बचाओ' जनसभा में बिजली, सड़क, राशन और निर्दोष आदिवासियों की रिहाई का मुद्दा उठा

जनसभा को संबोधित करते हुए हरीश कवासी ने कहा कि पेसा कानून, आरक्षण और पंचायती राज व्यवस्था के माध्यम से आदिवासियों के अधिकारों को मजबूत करने में कांग्रेस की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में वनोपज खरीदी को बढ़ावा दिया गया।

कवासी ने आरोप लगाया कि भाजपा धर्म और जाति के नाम पर समाज को बांटकर बस्तर के प्राकृतिक संसाधनों को कॉरपोरेट कंपनियों के हवाले करने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि बस्तर का विकास यहां की आदिवासी संस्कृति, परंपराओं और सभ्यता को सुरक्षित रखते हुए होना चाहिए। विकास का उद्देश्य स्थानीय लोगों का जीवन स्तर सुधारना होना चाहिए, न कि केवल प्राकृतिक संसाधनों का दोहन करना।



राशन, धान खरीदी और योजनाओं को लेकर ग्रामीणों ने बताईं समस्याएं

जनसभा में ग्रामीणों ने बिजली, पेयजल, सड़क और राशन वितरण से जुड़ी समस्याएं रखीं। किसानों ने गिरदावरी के नाम पर धान खरीदी में कथित अनियमितताओं, तेंदूपत्ता खरीदी की सीमित अवधि और बोनस नहीं मिलने की शिकायतें उठाईं। वहीं, महतारी वंदन योजना का लाभ पात्र महिलाओं तक नहीं पहुंचने और नए नियमों के कारण राशन कम मिलने की समस्याएं भी सामने आईं। कांग्रेस नेताओं ने इन मुद्दों को जनहित से जुड़ा बताते हुए शासन-प्रशासन से समाधान की मांग की।

200 से अधिक ग्रामीण कांग्रेस में शामिल

कार्यक्रम के दौरान डब्बाकोंटा, कसलपाड़, भट्टपाड़, ऐंठापाड़, पेंटापाड़, तुमलपाड़, पिडमेल, करिगुंडम, कोलाईगुड़ा, छोटे केड़वाल और बोदराजपदर सहित विभिन्न गांवों के 200 से अधिक ग्रामीणों ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। कांग्रेस का गमछा पहनाकर उनका स्वागत किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष सोयम मंगम्मा, जिला पंचायत सदस्य सोयम भीमा, जनपद सदस्य माड़वी देवा, आदिवासी सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष वेको हूंगा, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष सुधीर पाण्डे, जनपद सदस्य कवासी सोनी सहित कांग्रेस पदाधिकारी, कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

तीन साल में विकास नहीं होने का लगाया आरोप

कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने आरोप लगाया कि पिछले तीन वर्षों में अंदरूनी क्षेत्रों की बुनियादी समस्याओं के समाधान के लिए पर्याप्त काम नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि जिन क्षेत्रों में कंपनियों को लाभ पहुंचने की संभावना है, वहां सड़क निर्माण पर ध्यान दिया जा रहा है, जबकि कई ग्रामीण इलाकों में बिजली, पेयजल और सड़क जैसी सुविधाओं का अभाव बना हुआ है। उन्होंने सरकार से अंदरूनी गांवों में विकास कार्यों को प्राथमिकता देने की मांग की।

निर्दोष आदिवासियों की रिहाई का मुद्दा प्रमुखता से उठा

सभा में जेलों में बंद आदिवासियों की रिहाई का मुद्दा भी छाया रहा। हरीश कवासी ने दावा किया कि बड़ी संख्या में निर्दोष आदिवासी जेलों में बंद हैं। उन्होंने कहा कि जेलों में बंद परिजनों को छुड़ाने के लिए उनके परिवारों को अपनी जीवनभर की कमाई खर्च करनी पड़ रही है। उन्होंने सरकार से मामलों की निष्पक्ष समीक्षा कर निर्दोष लोगों की रिहाई के लिए प्रभावी पहल करने की मांग की।

तोकापाल में उपसरपंच संघ का गठन, शंकर बने जिलाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ तोकापाल

तोकापाल में आयोजित बैठक में बस्तर जिला उपसरपंच संघ का गठन आपसी सहमति से संपन्न हुआ। बैठक में जिलेभर के उपसरपंचों की सहमति से जिला स्तरीय पदाधिकारियों का सर्वसम्मति से चयन किया गया। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने कहा कि इस संघ का मुख्य उद्देश्य जिले के समस्त उपसरपंचों को एकजुट करना, संगठन को मजबूत बनाना तथा उपसरपंचों के अधिकारों, सम्मान एवं समस्याओं को शासन-प्रशासन के समक्ष मजबूती से उठाना है। यह संगठन उपसरपंचों के हितों की रक्षा के लिए एक मजबूत मंच के रूप में कार्य करेगा।

संघ के संचालन के लिए नवनिर्वाचित पदाधिकारियों की सूची जारी की गई है। इसके तहत जिला अध्यक्ष पद पर शंकर कश्यप (छिंदवाड़ा, कावारास, उपसरपंच दरभा) और जिला सचिव पद पर राजू मेहरा (रायकोट, उपसरपंच तोकापाल) को चुना गया है। इसी तरह जिला उपाध्यक्ष के रूप में प्रथम उपाध्यक्ष सुकरु कश्यप (चिड़पाल, दरभा), द्वितीय उपाध्यक्ष पुरन सिंह कश्यप (बड़े चकवा, बस्तर) तथा तृतीय उपाध्यक्ष रैबारी बघेल (बेड़ागुड़ा, तोकापाल) को जिम्मेदारी दी गई है। जिला कोषाध्यक्ष पद पर जयनाथ बघेल (बेड़ा उमरगांव, बकावंड), जिला सह-कोषाध्यक्ष पद पर राजकुमार भारद्वाज (बड़ांजी, लोहण्डीगुड़ा) तथा जिला मीडिया प्रभारी पद पर महेश पोयाम (बिरगाली, बास्तानार) का चयन किया गया है।



एकजुटता की अपील

नवनियुक्त पदाधिकारियों ने बस्तर जिले की समस्त ग्राम पंचायतों के उपसरपंचों से अपील की है कि वे इस संगठन से जुड़कर एकता, भाईचारे और सहयोग की भावना को मजबूत करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि संगठन का उद्देश्य किसी व्यक्ति विशेष का हित नहीं, बल्कि जिले के समस्त उपसरपंचों के सम्मान, अधिकारों और हितों की रक्षा करना है। सभी सदस्यों ने 'एक पंचायत-एक आवाज, समस्त उपसरपंच-एक साथ' के संकल्प के साथ मिलकर एक मजबूत, संगठित और संघर्षशील उपसरपंच संघ के निर्माण की बात कही।

कारली पशु औषधालय की पहल से आत्मनिर्भर बन रहीं महिला पशुपालक

हरिभूमि न्यूज ⏭ गीदम

गीदम ब्लॉक के पशु औषधालय कारली के प्रभारी दिलीप दुर्गम के कई वर्षों के निरंतर प्रयास से क्षेत्र की महिला पशुपालक स्वरोजगार से जुड़कर आत्मनिर्भर बन रही हैं। उनके जीवन स्तर में आए बदलाव को अब धरातल पर देखा जा सकता है। केंद्र सरकार की ₹लखपति दीदी योजना₹ से जुड़कर महिलाओं ने पशुपालन विभाग के सहयोग से गौपालन और बकरी पालन कर आय अर्जित करने का संकल्प लिया। विभाग के प्रयास से अब तक 184 महिलाओं को गौ पालन, 72 महिलाओं को बकरी पालन और 210 महिलाओं को मुर्गी पालन से जोड़ा जा चुका है। इससे उनकी आय में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। महिला पशुपालक अब घर के छोटे-बड़े खर्चों में आर्थिक सहयोग करने में सक्षम हैं। घर के दैनिक खर्च, बच्चों की पढ़ाई और अन्य जरूरतों में वे बराबर की भागीदारी निभा रही हैं। लखपति दीदी योजना से जुड़ी महिलाओं का कहना है कि दूध की वर्षभर नियमित बिक्री, बकरों की बिक्री और मुर्गे-मुर्गियों की बिक्री से घर के खर्चों में किसी प्रकार की परेशानी नहीं आती। तीज-त्योहारों में भी खुशहाली पशुपालन से ही बनी रहती है। नियमित आमदनी से न केवल आर्थिक स्थिति मजबूत हुई है, बल्कि परिवार में महिलाओं की भूमिका और सम्मान भी बढ़ा है।

वोट बचाओ-देश बचाओ अभियान, चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर उठाए सवाल

मतदाता सूची की कथित गड़बड़ियों की हो जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

कांग्रेस के देशव्यापी 'वोट बचाओ-देश बचाओ' अभियान के तहत रविवार को राजीव भवन में पत्रकार वार्ता के दौरान अभियान के बस्तर जिला शहरी प्रभारी एवं नारायणपुर के पूर्व विधायक चंदन कश्यप तथा ग्रामीण प्रभारी देवचंद मातलाम ने संयुक्त रूप से मतदाता सूची में कथित अनियमितताओं और चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता और प्रत्येक पात्र नागरिक के मताधिकार की सुरक्षा जरूरी है। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि मतदाता सूची में नाम जोड़ने और हटाने की प्रक्रिया, दोहरे पंजीकरण तथा चुनावी आंकड़ों की पारदर्शिता को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। कांग्रेस नेताओं ने महाराष्ट्र, कर्नाटक और हरियाणा में मतदाता सूची से जुड़े मामलों का उल्लेख करते हुए कथित अनियमितताओं की जांच की मांग की। उन्होंने विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान मतदाता सूची से हटाए गए नामों, लंबित अपीलों और रिकॉर्ड में संभावित विसंगतियों का विवरण सार्वजनिक करने पर जोर दिया। उनका कहना था कि राजनीतिक दलों को मतदाता सूची से संबंधित आंकड़े समय पर और पारदर्शी तरीके से उपलब्ध कराए जाने चाहिए। मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य निर्वाचन आयुक्तों की नियुक्ति प्रक्रिया में किए गए बदलावों पर भी आपत्ति जताई गई।

ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर बस्तर जिला शहर कांग्रेस अध्यक्ष सुशील मौर्य, प्रेमशंकर शुक्ल, पूर्व विधायक रेखचंद जैन, अभिषेक नायडू, सुभाष गुलाटी, बालेश दुबे, रविशंकर तिवारी, बलराम यादव, सुनीता सिंह सहित अन्य कांग्रेसी उपस्थित रहे।



जिला और बूथ स्तर पर चलेगा अभियान

कांग्रेस 'वोट बचाओ-देश बचाओ' अभियान के तहत जिला और बूथ स्तर पर जनजागरूकता कार्यक्रम चलाएगी। इसके अंतर्गत मतदाता सूची का सत्यापन, गांवों में जनसंपर्क और नाम कटने से संबंधित शिकायतों को दस्तावेजों के साथ दर्ज कर उनके निराकरण के लिए पहल की जाएगी। कांग्रेस ने मुख्य चुनाव आयुक्त के इस्तीफे, एसआईआर प्रक्रिया स्थगित करने, हटाए गए नामों को बहाल करने तथा कथित विसंगतियों की स्वतंत्र और समयबद्ध जांच की मांग उठाई। पार्टी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के इस्तीफे की मांग भी की।









विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

पीएम के मन की बात में स्वदेशी उत्पादों, प्राकृतिक खेती व जल संरक्षण पर जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्गूकोंदल

भाजपा मंडल दुर्गूकोंदल के शक्ति केंद्र सिवनी अंतर्गत कलंगपुरी बूथ में सामूहिक श्रवण

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रेडियो कार्यक्रम मन की बात के 139वें एपिसोड का श्रवण रविवार, 25 अक्टूबर 2026 को भाजपा मंडल दुर्गूकोंदल के शक्ति केंद्र सिवनी अंतर्गत कलंगपुरी बूथ में किया गया। इस अवसर पर भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री के संबोधन को सुना और उनके संदेशों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने देशवासियों के परिश्रम, समर्पण, सेवा भावना और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने वाले प्रयासों की सराहना की। उन्होंने स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने, आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को मजबूत करने तथा पर्यावरण संरक्षण के लिए सामूहिक प्रयास करने पर जोर दिया। प्रधानमंत्री ने पंजाब के खेती विरासत मिशन के माध्यम से प्राकृतिक एवं जैविक खेती को प्रोत्साहित करने और पारंपरिक कृषि पद्धतियों को संरक्षित करने के प्रयासों का उल्लेख किया। वहीं, उत्तराखंड के टिहरी गढ़वाल में हेवल नदी और प्राकृतिक जलस्रोतों के पुनर्जीवन के लिए स्थानीय लोगों एवं प्रशासन द्वारा किए जा रहे कार्यों को भी रेखांकित किया। उन्होंने त्योहारों के दौरान स्थानीय कारीगरों और स्वदेशी उत्पादों को प्राथमिकता देने की अपील की। कार्यक्रम में पूर्णिया के मखाने के ग्रीस तक पहुंचने और कर्नाटक के कलबुर्गी की अरहर दाल के मालदीव तक निर्यात जैसे उदाहरणों के माध्यम से भारतीय उत्पादों की बढ़ती वैश्विक पहचान पर चर्चा की गई। इसके साथ ही खादी की लोकप्रियता, आदिवासी उत्पादों की आकर्षक पैकेजिंग, ई-संजीवनी टेलीमेडिसिन सेवा और आईआईटी मद्रास के सुधा गोपालकृष्णन ब्रेन सेंटर में मस्तिष्क अनुसंधान के लिए विकसित तकनीक का भी उल्लेख किया

प्रयास है उत्तम मार्ग

इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष बिदेसिंह कल्लो ने कहा कि 'मन की बात' समाजहित में कार्य करने वाले लोगों के प्रेरणादायी प्रयासों को सामने लाने का सशक्त माध्यम है। भाजपा मंडल प्रभारी विकास राजू नायक ने कहा कि 'मन की बात' का उद्देश्य केवल प्रधानमंत्री के विचारों को सुनना नहीं, बल्कि उनसे प्रेरणा लेकर समाज में सकारात्मक बदलाव लाना भी है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से प्रत्येक बूथ पर कार्यक्रम का नियमित श्रवण सुनिश्चित करने और अधिक से अधिक लोगों को इससे जोड़ने का आह्वान किया।



शामिल हुए

कार्यक्रम में शक्ति केंद्र संयोजक सुदेश तोप्पा, सह-संयोजक विष्णु उसेंडी, जयसिंह महावीर, मनोज बघेल, अमित केमरो, सियाराम मंडावी, पवन कल्लो, सुमन कल्लो, संतलाल उसेंडी, छत्रप्रताप दर्रो, राजेश यादव, सगनी यादव एवं समुला तोप्पा सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

खबर संक्षेप

गढ़िया शक्ति केंद्र में प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम का सामूहिक श्रवण

जगदलपुर। चित्रकोट विधानसभा क्षेत्र के गढ़िया शक्ति केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रेडियो कार्यक्रम मन की बात के 139वें एपिसोड को भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ ग्रामीणों ने सामूहिक रूप से सुना। सरपंच ने कहा प्रधानमंत्री के विचार जन-जन तक पहुंचाने एवं राष्ट्रसेवा के संकल्प को सशक्त बनाने की दिशा में मन की बात कार्यक्रम हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत है। इस अवसर पर भाजपा गढ़िया शक्ति केंद्र प्रभारी भरत कश्यप, भाजपा मंडल महामंत्री सावेंद्र सेठिया, निरंजन बघेल, चेतन ग्वाल, तुलसी सेठिया, सुखदेव सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

नवोदय के तीसरे मॉक टेस्ट में 551 बच्चे शामिल

जगदलपुर। जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा में जिले के बच्चों का बेहतर प्रदर्शन सुनिश्चित करने के लिए कलेक्टर आकाश छिकारा की विशेष पहल पर शनिवार को तीसरे मॉक टेस्ट का आयोजन किया गया। मेधावी विद्यार्थियों को सही दिशा और मार्गदर्शन देने के उद्देश्य से प्रत्येक विकासखंड से शीर्ष 100-100 बच्चों का चयन किया गया था।

दिवाली से पहले श्रमिकों को मजदूरी भुगतान सुनिश्चित करने सीईओ ने दिए निर्देश

कोड़ेजुंगा पंचायत के तालाब, मुक्तिधाम व अन्य निर्माण कार्यों का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

ग्रामीण विकास कार्यों में गुणवत्ता बनाए रखने और श्रमिकों को समय पर मजदूरी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हरेश मंडावी ने विकासखंड कांकेर अंतर्गत ग्राम पंचायत कोड़ेजुंगा का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने निर्माणाधीन कृषि तालाब और मुक्तिधाम के कार्यों का निरीक्षण कर प्रगति की जानकारी ली। इसके साथ ही कार्यस्थल पर मौजूद मजदूरों एवं ग्रामीणों से सीधे चर्चा कर मजदूरी भुगतान की स्थिति जानी। सीईओ ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी पात्र श्रमिकों को दिवाली से पहले मजदूरी का भुगतान सुनिश्चित किया जाए।

निरीक्षण के दौरान सीईओ हरेश मंडावी ने वीबी-जी राम जी विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन-ग्रामीण योजना के तहत कराए जा रहे निर्माण कार्यों की भौतिक प्रगति का अवलोकन किया। उन्होंने निर्माणाधीन कृषि तालाब और मुक्तिधाम के कार्यों की स्थिति का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों से आवश्यक जानकारी प्राप्त की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी स्वीकृत निर्माण कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूरे किए जाएं। निर्माण कार्यों में गुणवत्ता के मानकों का विशेष ध्यान रखा जाए और किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं बरती जाए। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में कराए जा रहे विकास कार्यों का लाभ स्थानीय लोगों को मिलना चाहिए। इसके लिए कार्यों की नियमित निगरानी और समय-समय पर निरीक्षण आवश्यक है।





जिला पंचायत सीईओ ने किया संवाद

निरीक्षण के दौरान सीईओ ने कार्यस्थल पर काम कर रहे श्रमिकों से बातचीत की। उन्होंने पूछा कि काम करने के बाद उन्हें निर्धारित अवधि के भीतर मजदूरी मिल रही है या नहीं। विशेष रूप से उन्होंने 15 दिनों के भीतर मजदूरी भुगतान की स्थिति के बारे में जानकारी ली। इसके अलावा भुगतान में देरी होने पर श्रमिकों को आने वाली परेशानियों और अन्य समस्याओं के संबंध में भी चर्चा की। श्रमिकों से संवाद के दौरान सीईओ ने मजदूरी भुगतान की प्रक्रिया को समयबद्ध बनाने पर जोर दिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि पात्र श्रमिकों की मजदूरी का भुगतान दिवाली से पहले सुनिश्चित किया जाए। साथ ही भुगतान प्रक्रिया की नियमित निगरानी करने और किसी भी प्रकार की अनावश्यक देरी को दूर करने के लिए आवश्यक कदम उठाने को कहा।

ग्रामीण विकास के साथ रोजगार उपलब्ध कराने पर जोर

उल्लेखनीय है कि वीबी-जी राम जी योजना के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने और बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करने के उद्देश्य से विभिन्न विकास कार्य कराए जा रहे हैं। इन कार्यों के माध्यम से ग्रामीण अधोसंरचना के विकास के साथ स्थानीय स्तर पर श्रमिकों को रोजगार उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाता है। कांकेर जिले में भी योजना के तहत विभिन्न निर्माण कार्य प्रगतिरत हैं। कृषि तालाब जैसे कार्य जल संरक्षण और कृषि गतिविधियों को प्रोत्साहित करने में सहायक हो सकते हैं, जबकि मुक्तिधाम का निर्माण ग्रामीण क्षेत्रों में आवश्यक सुविधाओं के विस्तार से जुड़ा है।

मोदे और किरगोली में सस्वर मानस गान प्रतियोगिता हुई



हरिभूमि न्यूज ⏭ धनेलीकन्हार

विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत मोदे एवं किरगोली में आयोजित त्रिदिवसीय संस्वर मानस गान प्रतियोगिता में 24 अक्टूबर को दूसरे दिन विधायक आशाराम नेताम शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने रामायण की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए पूर्वजों की संस्कृति, परंपराओं और संस्कारों को संरक्षित कर अगली पीढ़ी तक पहुंचाने का आह्वान किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक आशाराम नेताम ने कहा कि रामायण केवल धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि जीवन जीने की कला सिखाने वाला प्रेरणास्रोत है। भगवान श्रीराम के आदर्श, त्याग, मर्यादा और कर्तव्यनिष्ठा आज भी समाज के लिए प्रासंगिक हैं। रामायण से हमें सत्य, धर्म, कर्तव्य और आपसी सद्भाव के मार्ग पर चलने की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने कहा कि धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन ग्रामीण क्षेत्रों में सामाजिक समरसता, एकता और भाईचारे को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ग्राम किरगोली में आयोजित मानस गान प्रतियोगिता के दौरान जनपद सदस्य एवं अनुसूचित जनजाति मोर्चा के मंडल अध्यक्ष मिथलेश मंडावी ने क्षेत्र में विभिन्न विकास कार्यों की सौगात देने के लिए विधायक आशाराम नेताम के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने क्षेत्र के विकास कार्यों को लेकर विधायक के प्रयासों की सराहना की। तीन दिवसीय इस प्रतियोगिता में विभिन्न मानस मंडलियों द्वारा रामायण के प्रसंगों की संगीतमय प्रस्तुति दी जा रही है। आयोजन के माध्यम से ग्रामीणों को धार्मिक आस्था से जुड़ने के साथ ही लोक संस्कृति और पारंपरिक विरासत को आगे बढ़ाने का अवसर मिल रहा है। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष डाकेश साहू, पूर्व मंडल महामंत्री लोकेश्वर सेन, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष अंकित टावरी, मिंटू तिवारी, मनोज गुप्ता, विकास जैन, राजकुमार कांगे, पूर्व जनपद सदस्य एवं जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष गोमती सलाम, सरपंच चंद्रिका कांगे, उपसरपंच सुकदेव तारम, महेंद्र साहू, रमेश सलाम सहित जनप्रतिनिधि एवं क्षेत्र के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

पेनाल्टी शूटआउट से फुटबाल में पखांजूर जूनियर की 3-2 से हार

हरिभूमि न्यूज ⏭ पखांजूर

मायापुर में 22 सितंबर से आयोजित फुटबॉल प्रतियोगिता का रोमांचक समापन रविवार को हुआ। 16 टीमों के बीच खेली गई इस प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में बिस्वास एफसी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पखांजूर जूनियर को पेनाल्टी शूटआउट में 3-2 से हराकर खिताब अपने नाम कर लिया। निर्धारित समय तक दोनों टीमें 1-1 की बराबरी पर रहीं, जिसके बाद पेनाल्टी शूटआउट से विजेता का फैसला हुआ।

फाइनल मुकाबले में शुरुआत से ही दोनों टीमों के बीच कड़ा संघर्ष देखने को मिला। पखांजूर जूनियर ने आक्रामक खेल का प्रदर्शन करते हुए मैच के 10वें मिनट में गोल दागकर 1-0 की बढ़त बना ली। टीम ने दूसरे हाफ के 20वें मिनट तक अपनी बढ़त कायम रखी। मुकाबला समाप्त होने से ठीक पहले बिस्वास एफसी ने शानदार वापसी करते हुए गोल कर स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया। इसके बाद निर्धारित समय में कोई अन्य गोल नहीं होने पर मैच का फैसला पेनाल्टी शूटआउट से किया गया। पेनाल्टी शूटआउट में बिस्वास एफसी के खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए तीन गोल किए, जबकि पखांजूर जूनियर की टीम दो गोल ही कर सकी। इस तरह बिस्वास एफसी ने 3-2 से जीत दर्ज कर प्रतियोगिता की विजेता ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। समापन समारोह में प्रशिक्षण प्रमुख अमित बोस और मीडिया प्रभारी धीरज बैरागी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अतिथियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए खेल भावना, अनुशासन और क्षेत्र में युवाओं की खेलों के प्रति बढ़ती रुचि की सराहना की। प्रतियोगिता में विजेता बिस्वास एफसी को पखांजूर मंडल की ओर से 25 हजार रुपये नकद और ट्रॉफी प्रदान की गई। वहीं, उपविजेता पखांजूर जूनियर को 20 हजार रुपये नकद और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। फाइनल मुकाबले में शानदार प्रदर्शन के लिए सुसेन्त मृधा चिंकू को मैन ऑफ द मैच चुना गया। वहीं, पूरे टूर्नामेंट में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रशांत मंडावी परी को मैन ऑफ द सीरीज के पुरस्कार से सम्मानित किया गया। मायापुर में आयोजित इस प्रतियोगिता ने क्षेत्र के फुटबॉल प्रेमियों को रोमांचक मुकाबले देखने का अवसर दिया। फाइनल में दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने दमदार खेल का प्रदर्शन किया और दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया।



वर्षा की आशंका, कृषि विभाग ने किसानों दी सम-सामयिक सलाह

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

आगामी दिनों में वर्षा की संभावना को देखते हुए कृषि विभाग द्वारा किसानों के लिए कृषि सलाह जारी की गई है। किसानों से अपील की गई है कि वे मौसम की स्थिति को देखते हुए आवश्यक एहतियाती उपाय अपनाएं, ताकि संभावित नुकसान से बचा जा सके। कृषि विभाग ने किसानों को सलाह दी है कि धान, दलहन एवं तिलहन की खड़ी फसलें पकने की अवस्था में हैं, तो आगामी 2 से 4 दिनों तक कटाई टालें। जिन किसानों ने फसल की कटाई शुरू कर दी है, वे कटी हुई फसल को शीघ्र सुरक्षित स्थान पर रखें। खेतों में अतिरिक्त पानी की निकासी की व्यवस्था सुनिश्चित करें तथा फसलों की नियमित निगरानी करें। कीट या बीमारी के लक्षण दिखाई देने पर मौसम साफ होने के बाद ही कीटनाशक अथवा कवकनाशक का छिड़काव करें। उतेरा फसल के रूप में तिवरा या अलसी की बुवाई करने वाले किसानों को कुछ दिनों तक बुवाई स्थगित रखने की सलाह दी गई है। वहीं, रबी फसल लेने के इच्छुक किसान नवंबर के प्रथम सप्ताह से बुवाई शुरू कर सकते हैं। वर्षा एवं तेज हवा की संभावना को देखते हुए किसानों को करेला, लौकी सहित अन्य कद्दूवर्गीय बेल वाली सब्जियों में सहारा देने की व्यवस्था करने की सलाह दी गई है। केले के जिन पौधों में फूल एवं फल आ चुके हैं, उन्हें बांस से सहारा दें, ताकि तेज हवा से पौधों को नुकसान न हो। भारी से अति भारी वर्षा की संभावना को देखते हुए खेतों से जल निकासी की समुचित व्यवस्था भी सुनिश्चित करें। कृषि विभाग ने फूलगोभी, ब्रोकली, चुकंदर, पछेती खीरा एवं पछेती करेला सहित रबी मौसम की सब्जियों की बुवाई नवंबर के प्रथम सप्ताह से करने की सलाह दी है। ओलावृष्टि की स्थिति में नुकसान से बचाव के लिए उपलब्धता के अनुसार बागवानी एवं सब्जियों की फसलों में ओलावृष्टिरोधी जाली का उपयोग करने की सलाह भी दी गई है। मौसम की प्रतिकूल परिस्थितियों को देखते हुए पशुपालकों को पशुओं को सूखे एवं सुरक्षित स्थानों पर रखने तथा उनके लिए पर्याप्त चारे और स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था करने की सलाह दी गई है। वज्रपात की आशंका के दौरान पशुओं को चराते समय पेड़ों के नीचे आश्रय लेने से बचने की अपील की गई है। कलेक्टर कुन्दन कुमार ने किसानों से मौसम संबंधी पूर्वानुमान एवं चेतावनियों पर नजर रखने तथा जारी कृषि सलाह का पालन करने की अपील की है। किसानों को अधिक जानकारी एवं आवश्यक मार्गदर्शन के लिए अपने क्षेत्र के कृषि विस्तार अधिकारी अथवा कृषि विभाग कार्यालय से संपर्क करने की सलाह दी गई है।

ग्राम देवडोंगर में शिक्षकों को दी ग्रामीणों ने नम आंखों से विदाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरोना

गुरु और शिष्य के रिश्ते की गहराई उस समय देखने को मिली, जब विकासखंड अंतर्गत ग्राम देवडोंगर में तीन शिक्षकों की पदोन्नति एवं स्थानांतरण पर पूरे गांव ने भावुक विदाई समारोह आयोजित किया। शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला देवडोंगर में पदस्थ शिक्षकों को विदाई देने के लिए बड़ी संख्या में ग्रामीण, पालक, विद्यार्थी और पूर्व विद्यार्थी जुटे। इस दौरान कई लोगों की आंखें नम हो गईं। ग्रामीणों ने प्रत्येक परिवार की ओर से भेंट देकर शिक्षकों के प्रति अपना सम्मान और आभार व्यक्त किया।

समारोह की शुरुआत उत्साहपूर्ण माहौल में हुई। मांदरी नर्तक दल और ग्रामीणों ने गांव के प्रवेश द्वार पर आतिशबाजी के साथ शिक्षकों का स्वागत किया और उन्हें नृत्य एवं उल्लास के बीच शाला परिसर तक लाया गया। इसके बाद मां सरस्वती की पूजा-अर्चना कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया। विद्यार्थियों ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया तथा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से शिक्षकों के प्रति अपना स्नेह प्रकट किया। उत्कृष्ट प्रस्तुतियों के लिए बच्चों को अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया। मांदरी नर्तक दल को भी सम्मानित किया गया। शाला में पदस्थ शिक्षक खेमन सुरोजिया की पदोन्नति व्याख्याता पद पर शासकीय हाई स्कूल उरैया, जिला कांकेर में हुई है। वहीं, शिक्षक संतराम ठाकुर की पदोन्नति व्याख्याता पद पर शाउमावि लिलेझर में हुई है। शिक्षक मनोज जैन का स्थानांतरण शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय गहरीनबांधा में किया गया है। तीनों शिक्षकों के विद्यालय से विदा होने पर ग्राम पंचायत देवडोंगर के ग्रामीणों ने एकजुट होकर उनके सम्मान में समारोह आयोजित किया। पूर्व विद्यार्थियों ने भी कार्यक्रम में पहुंचकर अपने शिक्षकों को भेंट प्रदान की और उनके साथ बिताए पलों को याद किया। कार्यक्रम में संस्था के प्रधान पाठक सीआर सिन्हा ने स्वागत उद्बोधन दिया। खंड शिक्षा अधिकारी एमन जैन ने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के संबंध में मार्गदर्शन दिया। अनिल राय ने अपने उद्बोधन के दौरान भावुक होकर अनुभव साझा किए, जिससे उपस्थित लोगों की आंखें नम हो गईं। बच्चों के चेहरे पर भी अपने प्रिय शिक्षकों से बिछड़ने की उदासी साफ दिखाई दी। शिक्षकों ने कहा कि प्रधान पाठक सीआर सिन्हा, कान्हा यादव, सुनील ध्रुव, रामप्यारी कोड़मे सहित शाला परिवार के अन्य सदस्यों के साथ बिताए पल हमेशा याद रहेंगे। समारोह में सरपंच दुकल सिंह मरकाम, रामसुख पटेल, शैलेंद्र बघेल, जितेंद्र बघेल, शांतानु सरोज, खंड शिक्षा अधिकारी एमन जैन, भूपेन्द्र गंगबेर, दिलदार मरकम, हृदयराम मंडावी, सेवक राम निषाद, नवल सिंह मरकाम, मानेश सिन्हा, सुरेंद्र नेताम, दिनेश शांडिल्य, जय कुमार मरई, लोकेश्वरी ठाकुर, प्रभा यादव, पिलेश्वरी बघेल, सीआर सिन्हा, सुनील ध्रुव और सीमा नेताम सहित ग्रामीण उपस्थित रहे।



महिला वॉलीबॉल में भानुप्रतापपुर कालेज उपविजेता, राज्य स्पर्धा के लिए 3 का चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भानुप्रतापपुर

नारायणपुर में आयोजित सेक्टर स्तरीय महिला वॉलीबॉल प्रतियोगिता में शासकीय महर्षि वाल्मीकि स्नातकोत्तर महाविद्यालय भानुप्रतापपुर की टीम ने उपविजेता का खिताब हासिल किया। प्रतियोगिता में बेहतर खेल प्रदर्शन के साथ महाविद्यालय की तीन खिलाड़ियों का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए भी हुआ है। खेल के मैदान में भानुप्रतापपुर की बेटियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपनी प्रतिभा का परिचय दिया है। नारायणपुर में 23 एवं 24 अक्टूबर को आयोजित सेक्टर स्तरीय महिला वॉलीबॉल प्रतियोगिता में विभिन्न टीमों के बीच मुकाबले हुए। प्रतियोगिता में भानुप्रतापपुर महाविद्यालय की खिलाड़ियों ने बेहतरीन तालमेल, अनुशासन और खेल भावना का प्रदर्शन करते हुए फाइनल तक का सफर तय किया। खिताबी मुकाबले में टीम का सामना शासकीय कन्या महाविद्यालय, नारायणपुर से हुआ, जहां भानुप्रतापपुर की टीम को हार का सामना करना पड़ा और उसे उपविजेता स्थान से संतोष करना पड़ा। उल्लेखनीय है कि पिछले वर्ष इसी प्रतियोगिता में भानुप्रतापपुर महाविद्यालय की टीम विजेता रही थी। इस बार उपविजेता रहने के बावजूद खिलाड़ियों ने अपने प्रदर्शन से खेल प्रेमियों का ध्यान आकर्षित किया।



प्रतियोगिता में महाविद्यालय की खिलाड़ी अमिला पुडो को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बेस्ट डिफेंडर के पुरस्कार से सम्मानित किया गया। वहीं, दिव्या, ईशा और संतरी का चयन राज्य स्तरीय महिला वॉलीबॉल प्रतियोगिता के लिए हुआ है। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन भाटापारा में किया जाएगा, जहां ये खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगी। इस उपलब्धि पर महाविद्यालय के प्राचार्य एवं महाविद्यालय परिवार ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। साथ ही खिलाड़ियों की तैयारी और प्रदर्शन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले क्रीड़ा अधिकारी की भी सराहना की गई। महाविद्यालय की इस उपलब्धि को छात्राओं की मेहनत, नियमित अभ्यास और टीम भावना का परिणाम माना जा रहा है। राज्य स्तर पर चयनित खिलाड़ियों से आगामी प्रतियोगिता में भी बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद जताई जा रही है।

जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) 2.0 की रायपुर में बैठक

जगदलपुर। जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) के संगठनात्मक पुनर्निर्माण, कार्यकर्ताओं के विश्वास की बहाली तथा आगामी 2028 विधानसभा चुनाव की रणनीति को लेकर आज रायपुर में प्रदेश स्तरीय बैठक की गई। बैठक प्रदेश अध्यक्ष अमित जोगी के नेतृत्व में तथा प्रदेश उपाध्यक्ष नवनीत चांद की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इसमें प्रदेश के विभिन्न जिलों के प्रमुख पदाधिकारियों ने भाग लिया।



